आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 10.2.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– ज्ञान महाकुंभ युवाओं और आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों से बातचीत करेंगे।
- अल्मोड़ा में 'बदलता मीडिया, बदलता लोकतंत्र' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का सर्वश्रेठ प्रदर्शन जारी। पदक तालिका में सर्विसेज पहले, कनार्टक दूसरे और महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर।

सीएम ज्ञान महाकुंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि शिक्षा के प्रचार–प्रसार के लिए ज्ञान महाकुंभ युवाओं और आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा। प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के साथ ज्ञानकुंभ का आयोजन देश को नई दिशा देगा। श्री धामी ने कहा कि यह हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण है कि आज देश के अंदर अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। आज भारत निरंतर आगे बढ़ने के साथ ही हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में आयोजित 'समानता के साथ समरसता'' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी संतों ने उत्तराखण्ड राज्य में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने उत्तराखण्ड की जनता के सामने समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प रखा था। सरकार बनने के बाद सबसे पहले मंत्रीमंडल की बैठक में समान नागरिक संहिता के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने देश की आजादी के बाद सबसे पहले उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता लागू किया। इस अवसर पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी लागू करके भारत को बल दिया है। अब उत्तराखण्ड के साथ अन्य राज्य भी यूसीसी लागू करने की ओर कदम बढ़ाएंगे।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में बने उत्तराखण्ड मंडपम में यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ, जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू देवता और नीब करौली बाबा की प्रतिकृतियों का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड मंडपम में बनाई गई विभिन्न प्रतिकृतियां देवभूमि उत्तराखण्ड की दिव्यता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और अधिक से अधिक लोग राज्य के धार्मिक स्थानों से अवगत हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड मंडपम सभी श्रद्धालुओं के बीच में विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न छात्रों से बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उत्तराखंड के विभिन्न स्कूलों में किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कार्यक्रम को लेकर उत्तराखंड के छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। छात्रों का मानना है कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें परीक्षा के तनाव को कम करने और अध्ययन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलती है।

मीडिया कार्यशाला

अल्मोड़ा में 'बदलता मीडिया, बदलता लोकतंत्र' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पत्रकारिता से जुड़े लोगों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर शहर के संभ्रांत नागरिक, पत्रकार और शिक्षाविद् मौजूद रहे। पूर्व कुलपति और वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया शासन–प्रशासन को जोड़ने का काम करता है। उन्होंने पत्रकारिता में आने वाली कठिनाइयों को कम करने की आवश्यकता पर चर्चा करने पर जोर दिया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय हल्द्वानी में पत्रकारिता एवं जनसंचार के शिक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य है कि लोकतंत्र में जनता तक सही जानकारी पहुंचे और लोगों का ज्ञान बढ़े।

प्रशिक्षण

उत्तराखंड सरकार वंचित वर्ग की बेटियों को ड्रोन तकनीशियन का प्रशिक्षण दे रही है। सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी आईटीडीए कैल्क 52 युवतियों को ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन कोर्स करवा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार वंचित वर्ग के युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। पिथौरागढ़ की तनुजा वर्मा, गैरसैंण की रोशनी और उत्तरकाशी की जशोदा जैसी युवतियां, जो कभी लैपटॉप तक नहीं चला पाती थीं, आज ड्रोन असेंबलिंग, रिपेयरिंग और फ्लाइंग में दक्ष हो रही हैं। देहरादून में प्रांतीय युवा कल्याण निदेशालय परिसर में छह जनवरी से प्रशिक्षण शुरू किया गया और 37 दिन के इस कोर्स में कुल 330 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाना है।

भारतीय सेना

भारतीय सेना के पिथौरागढ़ पंचशूल गनर्स ने सीमांत क्षेत्र गुंजी और गर्ब्यांग गांव के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। भारतीय सेना ने इस पहल के तहत बच्चों को नए जूते, स्कूल बैग, ट्रैकसूट, किताबें और स्टेशनरी आदि सामग्री दी। बच्चों को शैक्षिक सामग्री वितरण का उद्देश्य उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ही बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना था। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने कहा कि ऐसी पहल बच्चों को पढ़ाई में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ जुटने के लिए प्रेरित करेगी।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल अब समापन की ओर बढ़ रहे हैं। इस बीच, विभिन्न स्पर्धाओं में देशभर के खिलाड़ियों का सर्वश्रेठ प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में जिम्नास्टिक के दूसरे दिन महिला कला टीम फाइनल का आयोजन हुआ, जिसमें पश्चिम बंगाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

टेनिस मुकाबलों के पांचवें दिन के खेल में पुरुष एकल, महिला एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल मुकाबलों के रोमांचक नतीजे सामने आए। सेमीफाइनल के लिए खिलाड़ी तय हो चुके हैं, जबकि पुरुष और महिला युगल वर्ग में अब चैंपियनशिप के लिए खिताबी भिड़ंत होगी।

वहीं, देहरादून के मल्टी पर्पस हॉल में टेबल टेनिस मुकाबलों का पहला दिन बेहद रोमांचक रहा। महिला और पुरुष टीम मुकाबलों में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला टीम इवेंट में पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र का शानदार प्रदर्शन रहा, जबकि पुरुष वर्ग में तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने दम दिखाया।

38वें राष्ट्रीय खेल में काकड़घाट, बूम मंदिर, टनकपुर में चल रहे राफ्टिंग मुकाबलों में कल कई शानदार प्रदर्शन देखने को मिले। विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगी अपनी जबरदस्त टैलेंट का प्रदर्शन कर रहे हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। बीजापुर में 31 नक्सली ढेर, मारे गए नक्सलियों में 11 महिलाएं भी—— दैनिक जागरण की सुर्खियां। अमर उजाला ने लिखा है— बीजापुर में मुठभेड़, 31 नक्सली मार गिराए..... दो जवान बलिदान।

उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने पर संतों में उत्साह, इस खबर पर हिन्दुस्तान लिखता है— धामी का यूसीसी के लिए संतों ने प्रयागराज में किया सम्मान। अमर उजाला लिखता है— यूसीसी के लिए संतों के समागम में सीएम धामी का सम्मान।

38वें राष्ट्रीय खेल में एथलेटिक्स में चार नए रिकार्ड बने हैं। दैनिक जागरण समाचार पत्र ने लिखा है— 38वीं राष्ट्रीय की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार नए रिकार्ड बने हैं। एथलेटिक्स के 400 मीटर फाइनल में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या व महाराष्ट्र के तेज अशोक शिरसे ने स्वर्ण पदक जीता।